प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 03.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **केंद्र सरकार ने झारखंड समेत देशभर के सभी राजभवनों का नाम किया लोकभवन, झारखंड लोकभवन के नये नाम से असम और नागालैंड राज्य का मनाया गया स्थापना दिवस समारोह।**
2. **झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर स्पीकर रवींद्रनाथ महतो विभागीय अधिकारियों साथ कर रहे हैं बैठक, आठ दिसंबर को पेश होगा द्वितीय अनुपूरक बजट।**
3. **केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक वर्ष पूरे होने पर कल नई दिल्ली में 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान का करेंगी शुभारंभ।**
4. **आइआइटी–आईएसएम धनबाद अपनी स्थापना का मना रहा शताब्दी समारोह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉक्टर पीके मिश्र हुए शामिल।**
5. **हजारीबाग के बरही थाना क्षेत्र के पांचमाधव में भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, छह घायल।**

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में अनुकरणीय प्रयासों के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य दिव्यांगजनों के साहस और उपलब्धियों का सम्मान करना है।

****

केंद्र सरकार के निर्णय और झारखण्ड के राज्यपाल की स्वीकृति के आलोक में रांची और दुमका स्थित **राजभवन** का नाम अधिकारिक रूप से लोक भवन कर दिया गया है। यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गयी है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने देशभर के राजभवनों का नाम लोकभवन किया है। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि जनअपेक्षाओं के अनुरूप यह नामकरण किया गया है।

इधर नये नाम झारखंड लोकभवन में आज असम और नागालैंड राज्य का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राष्ट्र की एकता और समृद्ध परंपरा को मजबूत करने पर जोर दिया।

****

पांच दिसंबर से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। इस दौरान अधिकारियों के साथ सत्र के सफल संचालन को लेकर विचार–विमश किया जा रहा है।

उधर झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान आठ दिसंबर को राज्य सरकार द्वितीय अनुपूरक बजट पेश करेगी। सभी विभागों ने अवश्यकताओं के अनुसार अपने प्रस्ताव वित्त विभाग को भेज दिया है। गौरतलब है कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र ग्यारह दिसंबर तक चलेगा।

****

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कल नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 27 नवंबर, 2024 को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान शुरू किया था। इस समारोह में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास

मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में बाल विवाह उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय संकल्प लिया जाएगा। इस अवसर पर देश भर से प्रेरक परिवर्तन की कहानियों और अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं के अनुभव पर आधारित निर्मित फिल्म का प्रदर्शन भी होगा।

****

काशी तमिल संगमम का चौथा संस्करण कल वाराणसी में प्रारंभ हुआ। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समारोह का उद्घाटन किया। तमिलनाडु का पहला प्रतिनिधिमंडल आज कई गतिविधियों में भाग लेगा। पेश है

****

आइआइटी–आइएसएम धनबाद के सौ वर्ष पूरे होने पर संस्थान का शताब्दी समारोह का आज प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव **डॉक्टर पी के मिश्र** ने शुभारंभ किया। समारोह 9 दिसंबर तक चलेगा। समापन समारोह में अड़ाणी समूह के चेयरमैन गौतम अड़ाणी शामिल होंगे। इससे पहले धनबाद पहुंचने पर **डॉक्टर पी के मिश्र ने** कल रात एना माइंस प्रोजेक्ट का भ्रमण किया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने बेलगड़िया टाउनशिप में चल रहे विकास कार्यों से उन्हें अवगत कराया।

****

रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिन की बैठक कल से शुरू होगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा और मुख्य दरों की घोषणा करेंगे। रिजर्व बैंक ने इस वर्ष फरवरी में प्रमुख दरें कम करने की प्रक्रिया शुरू की थी और तीन बार रेपो रेट को 100 आधार अंक घटाकर साढे पांच प्रतिशत कर दिया था।

****

धनबाद में स्वास्थ्य सेवाओं को सरकारी स्तर पर उन्नत करने की दिशा में कई प्रयास किए जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं

****

दक्षिण पूर्व रेलवे ने रांची–हटिया–बालसिरिंग रेल मार्ग पर तीसरा और चौथा रेल लाइन बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। रेलवे बोर्ड ने इस काम के लिए अंतिम लोकेशन सर्वेक्षण को मंजूरी दे दी है। यह सर्वे 14 किलोमीटर के पूरे रेल खंड में किया जायेगा।

****

युवाओं को भारतीय वायुसेना में करियर के अवसरों के बारे में प्रेरित करने के उद्देश्य से वायु सैनिक चयन केंद्र, बिहटा की टीम ने चाईबासा स्थित टाटा कॉलेज, चक्रधरपुर के जवाहरलाल नेहरू कॉलेज और मारवाड़ी प्लस टू स्कूल में व्याख्यान आयोजित किया। इस दौरान छात्रों के लिए वायुसेना पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

****

हजारीबाग के बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत पांचमाधव में भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है। मृतक में एक पुरुष एक महिला और एक बच्ची शामिल है। घटना में लगभग छह लोग घायल भी हैं। सभी का इलाज हजारीबाग के अस्पताल में चल रहा है। सभी पश्चिम बंगाल के कुल्टी निवासी हैं, जो बिहार में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

****

रांची सर्राफा बाजार में आज 22 कैरट सोने का भाव एक लाख 19 हजार आठ सौ रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी एक लाख 85 हजार रूपये प्रतिकिलो है।

******समाप्त************